⇨⇨⇨ वे आठ तरकीबें जो आपको जाननी चाहिए ⇦⇦⇦

1. अपने फोन बिल में बिल की गई सेवाओं की खरीद के बारे में सावधान रहें।

आपकी फोन कम्पनी आपको अन्य कम्पनियों से मदें या सेवाएं (उदाहरण के लिए **"apps"** या लम्बी दूरी के कॉलिंग प्लान) खरीदने की अनुमति दे सकती है और इन्हें आपके फोन बिल में बिल कर सकती है। इन्हें तीसरा पक्ष सेवाएं कहा जाता है।

खरीदने से पहले, यह सुनिश्चित करें कि आप अपने द्वारा खरीदी जा रही मदु, उसके मूल्य और उस पर लागू किन्हीं शर्तें समझते हों। यह पता लगाएं कि क्या यह एक–बारगी खरीद होगी या नियमित खरीद होगी जिसका मासिक भुगतान किया जाएगा।

जब आप अपनी फोन सेवा स्थापित करते हैं, तब आपकी फोन कम्पनी को यह बताना चाहिए कि आप अपने बिल पर आने वाले अधिकाँश तीसरा पक्ष प्रभारों को ब्लॉक कर सकते हैं।

2. अपने सेल फोन से सेवाएं खरीदने के लिए सुरक्षित प्रक्रिया।

किसी सेल फोन से सेवाएं खरीदना उतना ही आसान हो सकता है जितना किसी ऑनलाइन बाज़ार से कोई **"app"** चुनना और ''खरीदें'' शब्द दबाना।

a. खरीदने से पहले, निर्देशों का भली–भाँति पालन करें और सारी सूचना पढ़ने के लिए पूरी स्क्रीन में स्क्रोल करें।

b. आप द्वारा ''खरीदें'' दबाने के बाद, आपसे किसी प्रकार के आदेश की पुष्टि का उत्तर देते हुए दोबारा यह पूछा जा सकता है कि क्या आप उत्पाद खरीदना चाहते हैं।

c. अपनी नई खरीदी गई सेवा का जल्द से जल्द परीक्षण करें और इस बात की जाँच करें कि क्या इसे आपके अगले फोन बिल में सही तरीके से बिल किया गया है।

3. इंटरनेट पर सेवाएं खरीदना

कुछ मदों का इंटरनेट से आदेश दिया जा सकता है और इन्हें आपके फोन बिल में बिल किया जा सकता है। खरीदने से पहले यह समझ लें कि आप क्या खरीद रहे हैं और इसका मूल्य क्या है।

4. अपने फोन से अन्यों को सेवाएं खरीदने की अनुमति देना

अगर आप किसी अन्य व्यक्ति (बच्चे समेत) को कुछ खरीदने के लिए अपने सेल फोन का उपयोग करने देते हैं, तो आप प्रभारों के लिए ज़िम्मेदार हो सकते हैं। अगर आप यह चाहते हैं कि कोई अन्य व्यक्ति आपके फोन से खरीद न करे, तो उसे यह अवश्य बताएं कि वह आपके फोन से कुछ न खरीदे।

5. यह सुनिश्चित करने के लिए अपने बिल की जाँच करें कि सभी प्रभार प्राधिकृत हैं

जब आप अपना फोन बिल प्राप्त करते हैं, तो इस बात की जाँच करें कि क्या आपको तीसरा पक्ष सेवाओं के लिए बिल किया गया है। यदि ऐसा किया गया है, तो यह सुनिश्चित करें कि सेवाओं का आदेश आप द्वारा या आप द्वारा प्राधिकृत किसी व्यक्ति द्वारा दिया गया था। अगर आपने उसे प्राधिकृत नहीं किया था, तो अपनी फोन कम्पनी से तुरन्त सम्पर्क करें।

6. अगर आपके बिल में कोई अनधिकृत प्रभार हो, तो क्या करें – ''ठूँसना''

आपके बिल में किसी अनधिकृत प्रभार को ''ठूँसना'' कहा जाता है। अगर आप अपने बिल में कोई ऐसा प्रभार देखते हैं जिसे न तो आपने और न ही किसी अनुमोदित फोन प्रयोक्ता ने प्राधिकृत किया है, तो अपनी फोन कम्पनी से तुरन्त सम्पर्क करें। जो कम्पनी आपसे पैसा वसूलती है, उसे यह सूचित करें कि आप आपत्ति कर रहे हैं। अगर आपके खाते में एक से अधिक फोन नंबर है, तो इसकी पहचान करें कि किसे बिल किया गया था।

आपकी कम्पनी से यह पता लगाने के लिए अपने पिछले बिलों की जाँच करने के लिए कहें कि प्रभार पहली बार कब लगाया गया था। अपनी फोन कम्पनी से कहें कि वह अनधिकृत प्रभार को बिल किए गए प्रत्येक माह के लिए क्रेडिट करे। अपनी फोन कम्पनी के साथ अपने ब्लॉकिंग विकल्पों पर भी चर्चा करें।

आपकी कम्पनी के पास विवादित प्रभारों के लिए आपका खाता क्रेडिट करने या इसका सत्यापन करने के लिए 30 दिन हैं कि प्रभार अनधिकृत था। अगर आपकी कम्पनी आपको क्रेडिट देने पर सहमत हो जाती है, तो यह सुनिश्चित करने के लिए अगले बिल की जाँच करें कि पूरा क्रेडिट दिखाया गया हो।

अगर कम्पनी प्रभार हटाने पर सहमत नहीं होती है, तो सहायता के लिए केलीफोर्निया लोक उपयोगिताएं आयोग (California Public Utilities Commission -CPUC) से सम्पर्क करें; 800–649–7549 पर फोन करें, या CPUC की वेबसाइटों www.calphoneinfo.com या www.cpuc.ca.gov पर शिकायत फॉर्म भरें।

7. आप अपने बिल पर प्रभारों के दिखाए जाने को ब्लॉक कर सकते हैं।

सभी फोन कम्पनियों को अधिकाँश तीसरा पक्ष प्रभारों को मुफ्त में ब्लॉक करने की पेशकश अवश्य करनी चाहिए। आप इन्हें ब्लॉक करते हैं, तो आप अपने फोन का इसके बावजूद उपयोग कर सकते हैं, पर तीसरे पक्षों से मदें खरीदने के लिए और अपने खाते में इन्हें बिल किए जाने के लिए नहीं।

ब्लॉकिंग प्रक्रियाओं के बारे में अपनी कम्पनी को फोन करें या उसकी वेबसाइट की जाँच करें। अगर आपके पास अपने प्लान पर बिल किया जाने वाला एक से अधिक सेल फोन है, तो आपको कम्पनी को यह अवश्य बताना चाहिए कि आप कौन–सा या कौन–से फोन ब्लॉक करवाना चाहते हैं।

8. अगर आपके पास प्रीपेड या पहले–से–भुगतान–करना सेल सेवा हो, तो क्या करना चाहिए

प्रीपेड या पहले–से–भुगतान–करना सेल सेवा अन्य प्रकारों की सेल सेवाओं से भिन्न रूप से काम करती है। इनमें से कुछ में आपसे ऐसी खरीदों के लिए किसी विशेष खाते में पैसा रखने की अपेक्षा होती है। ब्यौरे के लिए अपनी कम्पनी से सम्पर्क करें।

तीसरा पक्ष प्रभारों पर विवाद करना

अगर आप अपने फोन बिल में तीसरा पक्ष प्रभारों पर विवाद कर रहे हैं, तो अपनी फोन कम्पनी को तुरन्त फोन करें। आपकी फोन कम्पनी आपको उस कम्पनी के यहाँ रैफर किए बिना आपके प्रभारों की जाँच करेगी जिसने इन्हें आपके बिल में डाला है।

जब आपकी फोन कम्पनी प्रभारों की जाँच–पड़ताल कर रही हो, तब आपको इनका भुगतान करने की ज़रूरत नहीं होती है। आपको उनके लिए देरी से भुगतान शुल्कों के लिए बिल नहीं किया जाएगा और आपका क्रेडिट प्रभावित नहीं होगा।

calphoneinfo
California's Consumer Education Initiative

CalPhoneInfo केलीफोर्निया लोक उपयोगिताएं आयोग **(CPUC)** द्व ारा प्रायोजित है और इसे दूरसंचार कम्पनियों और उपभोक्ता संगठनों की सहायता प्राप्त है।

दूरसंचार सेवाओं के बारे में अतिरिक्त सूचना के लिए, निम्नलिखित वेबसाइटें देखें:

www.calphoneinfo.com
www.cpuc.ca.gov
www.fcc.gov

अगर आपको अपनी दूरसंचार सेवा या बिल के बारे में किसी विवाद के संबंध में किसी सहायता की आवश्यकता है, तो पहले अपनी फोन कम्पनी से सम्पर्क करें। अगर आपका मुद्दा सुलझाया नहीं जाता है, तो **CPUC** उपभोक्ता मामले शाखा **(CPUC Consumer Affairs Branch)** को फोन करें या इसके इलेक्ट्रॉनिक शिकायत फॉर्म का उपयोग करें:

800-649-7570
www.cpuc.ca.gov
www.calphoneinfo.com

Protect Yourself from Unauthorized Third Party Charges "Cramming" - August 2011 - Hindi

अनधिकृत ''तीसरा पक्ष प्रभारों'' से अपनी रक्षा कैसे करें।

अपने फोन पर बिल की जाने वाली खरीद सेवाओं और किन्हीं अनधि ाकृत प्रभारों पर विवाद करने के तरीके के बारे में जानें।